तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री

न्यूनतम 20.0 डिग्री

# हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, बुधवार 18 मार्च 2026



11 रेअर अर्थ की तलाश करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर



12 हमर लक्ष्य से बेटियों को नया आसमान आवासीय विद्यालय बनेगा शिक्षा का केंद्र



## खबर संक्षेप

### अवैध शराब के साथ ढाबा संचालक गिरफ्तार

**कांकेर।** पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध अभियान चलाते हुए ग्राम चारामा स्थित पप्पू ढाबा में छापा मारकर अवैध देशी शराब जब्त की है। मामले में ढाबा संचालक को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही की गई है। मुखबिर से जानकारी मिली थी कि ढाबा संचालक 39 वर्षीय इलाबुद्दीन उर्फ पप्पू खान अपने ढाबे में अवैध रूप से शराब की बिक्री कर रहा है। जानकी की तस्दीक के लिए पुलिस टीम ने गवाहों के साथ ढाबे पर दबिश दी। तलाशी के दौरान काउंटर के सामने रखे टेबल के नीचे से एक प्लास्टिक बोरी बरामद हुई, जिसमें 17 पौवा देशी प्लेन शोले शराब कुल 1 हजार 360 रुपएं कीमत की शराब जब्त कर आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया।

### आपदा पीड़ितों को आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृत

**कांकेर।** राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 में दिए गए अधिकारों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने तालाब में डूबने से मृत्यु होने के दो प्रकरणों में मृतक के आश्रितों के लिए चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। पखांजूर तहसील के ग्राम मुरावण्डी निवासी 60 वर्षीय मनारोबाई उसेण्डी की तालाब में डूबने से मृत्यु होने पर उनके आश्रित मानसिंह के लिए चार लाख रुपए तथा भानुप्रतापपुर तहसील के ग्राम बोगर निवासी 52 वर्षीय जयसिंह यादव की तालाब में डूबने से मृत्यु होने पर पत्नी श्रीमती कलाबती के लिए चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता कलेक्टर द्वारा स्वीकृत की गई है।

### जगह-जगह गड्ढे ; मरम्मत की जोरदार मांग

# मलाजकुडूम-आमाबेड़ा मार्ग पर लोग जान जोखिम में डाल सफर करने के लिए मजबूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर





मलाजकुडूम होते हुए आमाबेड़ा तक जाने वाला मुख्य मार्ग इन दिनों अपनी जर्जर स्थिति के कारण लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे, उखड़ा हुआ डामर और खराब हो चुकी संरचना न केवल यातायात को प्रभावित कर रही है, बल्कि दुर्घटनाओं का खतरा भी लगातार बढ़ा रही है।

- लाजकुडूम घाट से तुमसनार तक सड़क बनी खतरे का रास्ता

यह मार्ग खासतौर पर मलाजकुडूम घाट, पुसाघाटी, गुमझीर, उसेली और तुमसनार जैसे क्षेत्रों से होकर गुजरता है, जहां सड़क की हालत बेहद खराब हो चुकी है। कई स्थानों पर इतने बड़े गड्ढे बन गए हैं कि वाहन चालकों को रास्ता बदलकर या बेहद धीमी गति से गुजरना पड़ता है। बरसात के मौसम में यह स्थिति और भी भयावह हो जाती है, जब गड्ढो में पानी भर जाने से उनकी गहराई का अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से इस मार्ग की मरम्मत नहीं हुई है, जिससे सड़क की डामर परत पूरी तरह उखड़ चुकी है। इतना ही नहीं, कंक्रीट से निर्मित मलाजकुडूम धार भी अब जर्जर हो चुकी है, जिससे बड़े वाहनों का आवागमन जोखिम भरा हो गया है। रोजाना इस मार्ग से गुजरने वाले यात्री और छोटे व्यापारियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आमाबेड़ा क्षेत्र के कई गांवों के लोग जिला मुख्यालय कांकेर आने-जाने के लिए इसी मार्ग पर निर्भर हैं। ऐसे में सड़क की जर्जर स्थिति ने उनकी दैनिक जरूरतों, स्वास्थ्य सेवाओं और शिक्षा तक पहुंच को प्रभावित किया है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से कई बार शिकायत की, लेकिन ⏭ शेष पेज 10 पर

### यात्रियों को असुविधा झेलनी पड़ रही

हाल ही में मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा के तहत अंतागढ़ से ढहाया चर्रे-मेराघाटी होते हुए आमाबेड़ा और मलाजकुडूम मार्ग से कोडेर तक बस सेवा शुरू की गई है। इस नई बस सेवा से क्षेत्र के लोगों को जिला मुख्यालय तक पहुंचने में सुविधा मिलने की उम्मीद थी, लेकिन सड़क की खराब हालत ने इस सुविधा को भी अधूरा बना दिया है। बसों के संचालन में भी बाधाएं आ रही हैं और यात्रियों को असुविधा झेलनी पड़ रही है।

## बाड़ी में खड़े दो ट्रैक्टरों से 32 हजार के सामान चोरी

**कांकेर।** नरहरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कोचवाही में अज्ञात चोरों ने एक ही रात में दो ट्रैक्टरों को निशाना बनाते हुए करीब 32 हजार रुपये के कीमती पुर्जे और बैटरियां पार कर दीं थी। पुलिस ने इस मामले में लिप्त चोर को दबोच लिया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कोचवाही निवासी प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि इन दिनों उनके घर में खेती-किसानी का कार्य चल रहा था, जिसके लिए उनका स्वयं का ट्रैक्टर और उनके मामा का ट्रैक्टर उपयोग में लिया जा रहा था। 13 मार्च की शाम कार्य समाप्त होने के बाद दोनों ट्रैक्टरों को रोज की तरह कमल ठाकुर की बाड़ी में सुरक्षित खड़ा कर दिया गया था। अगले दिन 14 मार्च की सुबह करीब 6 बजे जब प्रार्थी उठा और बाड़ी पहुंचा, तो उसने देखा कि दोनों ट्रैक्टरों के बैटरी कवर खुले हुए हैं। पास जाकर जांच करने पर चोरी का खुलासा हुआ। अज्ञात चोरों ने एक ट्रैक्टर से 10 हजार रुपये की बैटरी, 1500 रुपये की हाइड्रोलिक पट्टी, 3000 रुपये की ट्राली हींज और 1000 रुपये का ट्राली टोचन पार कर दिया। इसके अलावा पास में खड़े दूसरे ट्रैक्टर से 12 हजार रुपये की बैटरी, 1500 रुपये की हाइड्रोलिक पट्टी और 3000 रुपये का कल्टीवेटर एडजेस्टर भी चोरी हो गया। इस तरह कुल मिलाकर चोरों ने लगभग 32 हजार रुपये के सामान पर हाथ साफ कर दिया था।

## खेत घेरे के विवाद में बुजुर्ग और युवक के बीच मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



हल्बा चौकी क्षेत्र के ग्राम अरौद में खेत की घेराबंदी और जमीन संबंधी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट और गाली-गलौज का मामला सामने आया है। इस घटना में खास बात यह है कि दोनों ही पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ मारपीट और गाली-गलौज की शिकायत दर्ज कराई है, जिस पर पुलिस ने काउंटर केस दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है घटना के पहले पक्ष के प्रार्थी अरौद निवासी 80 वर्षीय सत्तेसिंग मरकाम ने चौकी हल्बा पहुंचकर लिखित आवेदन प्रस्तुत किया। आवेदन में उन्होंने बताया कि 11 मार्च 2026 की शाम करीब 5:30 बजे वे अपने खेत में घेरा लगाने की बात कर रहे थे, तभी गांव के ही रूपेश मरकाम और रामाधीन मरकाम ने विवाद करते हुए उन्हें गंदी-गंदी गालियां दीं और हाथ-मुक्कों से मारपीट की। पीड़ित ने बताया कि मारपीट के दौरान उनके कान और ⏭ शेष पेज 10 पर

## नपा कांकेर के 21 वार्डों में मकान नंबरिंग का कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



जनगणना 2027 को सुव्यवस्थित और त्रुटिरहित बनाने के लिए नगरपालिका ने कमर कस ली है।

- जनगणना 2027 को सुव्यवस्थित और त्रुटिरहित बनाने कवायद

इसी कड़ी में शहर के हर घर को एक पहचान देने का अभियान शुरू हो चुका है। गलियों में घूमती टीमों के हाथों में पेंट और ब्रश हैं, और मकानों की दीवारों पर उभरते नंबर इस बात का संकेत दे रहे हैं कि कांकेर अब डिजिटल और व्यवस्थित प्रशासन की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। यह सिर्फ नंबरिंग नहीं, बल्कि शहर के हर नागरिक को सरकारी योजनाओं और सेवाओं से सीधे जोड़ने की एक अहम पहल है।

नगरपालिका कांकेर क्षेत्र में मकानों की नंबरिंग का कार्य युद्धस्तर पर प्रारंभ कर दिया गया है। यह प्रक्रिया आगामी जनगणना 2027 के पहले चरण से पहले पूरी की जानी है, जिसकी शुरुआत 1 अप्रैल से होने वाली है। नगर पालिका प्रशासन ने इस कार्य को प्राथमिकता देते हुए लक्ष्य निर्धारित किया है कि एक माह के भीतर सभी मकानों की नंबरिंग पूरी ⏭ शेष पेज 10 पर



## खबर संक्षेप

### भाजपा मछुआरा प्रकोष्ठ के लोकनाथ बने जिला संयोजक

**फरसगांव।** राज्य में भारतीय जनता पार्टी के संगठन विस्तार के तहत भाजपा के मछुआरा प्रकोष्ठ की नई जिला टीम का गठन किया गया है। जिसमे कोंडागांव जिले से जिला संयोजक के रूप में भूमका निवासी लोकनाथ निषाद को नियुक्त कर संगठन ने बड़ी जिम्मेदारी दी है । प्रदेश भर में संगठन की ओर से 22 जिला संयोजकों और 35 सह संयोजकों की नियुक्ति की गई है। इसके अलावा 15 प्रदेश कार्यसमिति सदस्य तथा 2 प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य भी बनाए गए हैं। रायपुर शहर, धमतरी, बलौदाबाजार, सूरजपुर, बीजापुर, सुकमा, दंतेवाड़ा, बस्तर, कांकेर, कोंडागांव, रायगढ़, बिलासपुर आदि जिलों के लिए भी संयोजकों की नियुक्ति की गई है। नवनियुक्त जिला संयोजक लोकनाथ निषाद ने संगठन द्वारा दिए गए जिम्मेदारी को लेकर संगठन और पार्टी के शीर्ष नेताओं को धन्यवाद ज्ञापित किया है। जिला संयोजक नियुक्त होने पर पार्टी के सदस्यों व उनके चहेतों के साथ उनके समाज के द्वारा उन्हें शुभकामनाएं दी है।

### वॉक इन इंटरव्यू 28 से 30 मार्च तक

**धमतरी।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पथर्रीडीह में अतिथि शिक्षकों की भर्ती के लिए वॉक इन इंटरव्यू 28 से 30 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि वॉक-इन-इंटरव्यू के संबंध में पूरी जानकारी जिले की वेबसाईट पर अपलोड कर दी गई है। आवेदक वेबसाईट धमतरी डाट जीओवी डाट इन में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### पेंशनरों का धरना प्रदर्शन 20 को

**नगरी।** पेंशनरों का एक दिवसीय धरना प्रदर्शन 20 मार्च शुक्रवार को दोपहर 1 बजे रावणभाटा मैदान में किया जाएगा। शाम 4 बजे अपनी मांगों को लेकर एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपा जायेगा। यह जानकारी अध्यक्ष आरएल देव तहसील कार्यालय शाखा नगरी ने दी।

### अवैध प्लाटिंग को रोकने जिला स्तर पर समिति गठित

**धमतरी।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा द्वारा जिले में अवैध प्लाटिंग को रोकने के लिए जिला स्तर पर समिति का गठन किया गया है। जिला स्तर पर अवैध प्लाटिंग पर समुचित कार्यवाही करने के लिए कलेक्टर श्री मिश्रा अध्यक्ष होंगे। पुलिस अधीक्षक, अपर कलेक्टर, आयुक्त नगर निगम, सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर पंचायत, सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, सहायक संचालक नगर एवं ग्राम निवेश तथा सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी समिति के सदस्य होंगे।

### आवेदन 31 मार्च तक मंगाए गए

**धमतरी।** एकीकृत बाल विकास परियोजना धमतरी ग्रामीण के तहत ग्राम रूद्री स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक-02 (पुलिस लाईन रूद्री) में पालना घर का संचालन किया जाना है। इसके लिए पालना घर कार्यकर्ता और सहायिका की भर्ती हेतु 31 मार्च तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

# आत्मानंद स्कूल में मिट्टी कला का प्रशिक्षण, बच्चों ने सीखे पारंपरिक हुनर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

पीएमश्री शासकीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय दुर्गुकोंदल में विद्यार्थियों को पारंपरिक कला से जोड़ने की एक सराहनीय पहल देखने को मिली। गुरुवार को विद्यालय में विशेष रूप से मिट्टी कला केरा कोटा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों को मिट्टी से विभिन्न उपयोगी एवं आकर्षक वस्तुएं बनाना सिखाया गया।

कार्यक्रम संस्था के प्राचार्य अजय नेताम के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। प्रशिक्षण देने के लिए माखन लाल प्रजापती और नारद प्रजापती विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने अपनी पारंपरिक कला और अनुभव के माध्यम से विद्यार्थियों को मिट्टी से मटका, गुलदस्ता, बोतल, दीया, गुल्लक सहित अनेक प्रकार की उपयोगी वस्तुएं बनाने की विधि सिखाई। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। बच्चों ने न केवल प्रशिक्षण को ध्यानपूर्वक सीखा, बल्कि स्वयं अपने हाथों से विभिन्न वस्तुएं



बनाकर अपनी रचनात्मकता का भी प्रदर्शन किया। यह प्रशिक्षण न केवल उनके कौशल विकास में सहायक रहा, बल्कि उन्हें भारतीय पारंपरिक शिल्पकला से भी जोड़ने में सफल रहा। प्राचार्य ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। इससे बच्चों में रचनात्मकता, आत्मनिर्भरता और परंपराओं के प्रति सम्मान की भावना विकसित होती है। उन्होंने आगे भी इस प्रकार के कौशल आधारित कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही। इस अवसर पर सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अंजनी मंडावी, विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल को शिक्षा के साथ-साथ कौशल विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि पारंपरिक कला और कौशल भी विद्यार्थियों के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## भाजपा का पं दीनदयाल आवासीय प्रशिक्षण

# बूथ स्तर तक योजनाओं की पहुँच सुनिश्चित करने पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

भारतीय जनता पार्टी मण्डल सरोना द्वारा आयोजित दो दिवसीय पंडित दीनदयाल आवासीय प्रशिक्षण महाअभियान का समापन समारोह उत्साह और संगठनात्मक ऊर्जा के साथ संपन्न हुआ। समापन अवसर पर जिला अध्यक्ष महेश जैन ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी कार्यकर्ता आधारित पार्टी है, जिसकी शक्ति उसके समर्पित कार्यकर्ताओं में निहित है। उन्होंने संगठन की विचारधारा और केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर और गांव-गांव तक पहुँचाने के लिए कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय सिद्धांत का उल्लेख करते हुए कहा कि पार्टी का मूल उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और सुविधाएं पहुँचाना है। उन्होंने



कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि और महिला सशक्तिकरण जैसी योजनाओं को सरल और स्थानीय भाषा में लोगों तक पहुँचाएं, ताकि हर पात्र हितग्राही समय पर लाभ प्राप्त कर सके। प्रशिक्षण अभियान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से कार्यकर्ता संगठन की नीतियों, विचारधारा और कार्यप्रणाली में दक्ष बनते हैं।

इससे न केवल उनका आत्मविश्वास बढ़ता है, बल्कि जमीनी स्तर पर संगठन की पकड़ भी मजबूत होती है। उन्होंने विशेष रूप से बूथ स्तर को मजबूत करने पर जोर देते हुए कहा कि प्रत्येक बूथ पर सक्रिय और प्रशिक्षित कार्यकर्ता ही संगठन की असली ताकत होते हैं।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष टिकेश्वर सिन्हा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, जिला महामंत्री राजा पांडे, जनपद उपाध्यक्ष संजू गोपाल साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य हीरा मरकाम, किसान मोर्चा महामंत्री यशवंत सुरोजिया, मंडल प्रभारी डॉ. देवेंद्र साहू, अनुसूचित जनजाति प्रदेश प्रतिनिधि जीवन नेताम, अशोक निषाद, बैराग शोरी, रुक देव यादव, किशोर भास्कर, कन्हैया नेताम, कार्तिक निषाद, सगे सिंह वटी, दिनेश पांडे, जगदेव पटेल, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र कुंवर, रामसागर मरकाम, प्रमोद मरकाम, हनुमान प्रसाद पांडे, भागवत जैन, देवकरण साहू, अनिल राय, संत यादव, विजय नेताम, नीरज गुप्ता, कौशल पटेल सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अवैध अंग्रेजी शराब जब्त आरोपी को भेजा गया जेल



**कांकेर।** अपराध नियंत्रण और उजियारा अभियान के तहत कोरर पुलिस ने अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए ग्राम मरकाटोला में दबिश देकर अवैध अंग्रेजी शराब जब्त की और आरोपी को जेल भेजा गया।

जानकारी के अनुसार 16 मार्च को थाना कोरर पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि मरकाटोला निवासी 40 वर्षीय सुग्रीव हिचामी अपने घर के आंगन में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब छिपाकर बिक्री करने की तैयारी में है। सूचना की पुष्टि के बाद पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के घर की घेराबंदी कर दबिश दी। तलाशी के दौरान पुलिस को आंगन में रखे प्लास्टिक के थैलों और बोरियों से अवैध शराब का जखीरा मिला। मौके से 21 नग सिम्बा बीयर, 17 नग गोल्डन गोवा और 11 नग प्लेन शोले सहित कुल 49 नग अंग्रेजी शराब बरामद की गई। जब्त शराब की अनुमानित कीमत करीब 7,120 रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी सुग्रीव हिचामी को मौके से गिरफ्तार कर लिया और 17 मार्च को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया। उल्लेखनीय है कि आरोपी थाना कोरर का निगरानीशुदा बदमाश है, जिसके खिलाफ वर्ष 2008 से अब तक आबकारी अधिनियम के तहत 14 मामले दर्ज हो चुके हैं।

**कार्रवाई में ये रहे शामिल :** इस कार्रवाई में निरीक्षक जितेन्द्र गुप्ता के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सराहनीय भूमिका निभाई। टीम में प्रधान आरक्षक कन्हैया लाल पटेल, आरक्षक भारत दुग्गा, मनोज साहू, डीएसएफ लल्ली मंडावी तथा महिला आरक्षक ममता टांडिया और सुमित्रा गोटा शामिल रहीं।

# परीक्षा दिलाने आए छात्रों का तिलक-मिठाई से स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

दुर्गुकोंदल विकासखंड के संकुल केंद्र सुरुंगदोह 1 में केंद्रीकृत वार्षिक परीक्षा 2026 का शुभारंभ उत्साहपूर्ण और प्रेरणादायक माहौल में हुआ। 16 मार्च को पहले दिन कक्षा पांचवीं के बच्चों का विशेष स्वागत किया गया। उन्हें तिलक लगाकर और मुंह मीठा कराकर परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिलाया गया, जिससे उनके मन में परीक्षा को लेकर उत्पन्न होने वाली घबराहट दूर हो और वे पूरे जोश के साथ उत्तर-पत्रिका भर सकें।

संकुल समन्वयक राजकुमार चंद्राकर, परीक्षा केंद्राध्यक्ष राधिका दरेंद्र, पर्यवेक्षक राजकुमारी भोयर, प्रधान पाठक बालसिंह रावटे और शिक्षक नीरेंद्र भवसार सहित कई शिक्षकगण उपस्थित रहे। बच्चों को उत्साहित करते हुए संकुल समन्वयक राजकुमार चंद्राकर ने कहा कि आज से वार्षिक परीक्षा शुरू हो रही है। हर बच्चे के मन में थोड़ी सी घबराहट, थोड़ा डर और बहुत अधिक उत्साह रहता है, जो पूरी तरह स्वाभाविक भावना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा डरने की चीज नहीं, बल्कि बच्चों की लगातार मेहनत का उत्सव है। रोजाना पढ़ाई करना, कठिन प्रश्नों को हल करने की कोशिश करना और सुबह जल्दी उठकर रिवीजन करना बच्चों को मजबूत बनाता है। परीक्षा महज उस मजबूती को सबके सामने प्रदर्शित करने का एक सुनहरा अवसर है। उन्होंने बच्चों से अपील की कि6 वे बिना किसी भय के उत्साहपूर्ण ढंग से पेपर दें। सहायक विकासखंड अधिकारी अंजनी मंडावी ने परीक्षा की तैयारियों और आंकड़ों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष कक्षा पांचवीं में 1174 तथा कक्षा आठवीं में 1247 विद्यार्थी इस केंद्रीकृत परीक्षा में भाग ले रहे हैं। पहले दिन बच्चों के मन से परीक्षा संबंधी भय को दूर करने और इसे उत्सव के रूप में मनाने के लिए तिलक तथा मुंह मीठा करने की यह खास व्यवस्था की गई है। उन्होंने यह भी बताया कि शिक्षकों ने वार्षिक परीक्षा के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की भी व्यापक तैयारी करवाई है, जिसका प्रत्यक्ष लाभ बच्चों को प्राप्त होगा। यह पहल न केवल विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाने में सहायक सिद्ध हो रही है, बल्कि शिक्षा के प्रति सकारात्मक और उत्साहजनक दृष्टिकोण भी विकसित कर रही है।

शिक्षकों और प्रशासन की यह संवेदनशील कोशिश बच्चों को आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देने के लिए प्रेरित कर रही है, जो निश्चित रूप से उनके बेहतर प्रदर्शन में योगदान देगी। इस तरह की पहल से शिक्षा का माहौल अधिक सौहार्दपूर्ण और प्रोत्साहनपूर्ण बन रहा है।

## उड़नदस्ते ने किया 5वीं-8वीं की परीक्षा का निरीक्षण



**दुर्गुकोंदल।** केन्द्रीकृत परीक्षा अंतर्गत कक्षा 5वीं एवं 8वीं की परीक्षाएं 16 मार्च से प्रारंभ हो चुकी हैं। इन परीक्षाओं की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए लगातार निरीक्षण कार्य भी किया जा रहा है। इसी क्रम में विकासखंड स्तरीय उड़नदस्ता दल द्वारा परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया।

उड़नदस्ता दल के प्रभारी बीएन नरेटी प्राचार्य के नेतृत्व में सदस्य रामचंद्र दुग्गे संकुल समन्वयक एवं टिकेश्वर साहू संकुल समन्वयक ने कक्षा 8वीं के केन्द्रीकृत परीक्षा केंद्र पू. माशा दुर्गुकोंदल एवं सेजेश दुर्गुकोंदल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा व्यवस्थाओं, विद्यार्थियों की उपस्थिति, प्रश्नपत्र वितरण एवं कक्षाओं में अनुशासन की स्थिति का बारीकी से अवलोकन किया गया। निरीक्षण में यह पाया गया कि सभी परीक्षा केंद्रों में परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संचालित हो रही है। कहीं भी नकल या अनुचित साधनों के उपयोग का कोई मामला सामने नहीं आया। परीक्षा कक्षों में विद्यार्थियों को निर्धारित नियमों के अनुसार बैठाया गया था तथा शिक्षकगण सतर्कता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे थे। उड़नदस्ता दल ने केंद्राध्यक्षों एवं शिक्षकों को इसी प्रकार सतर्क रहकर परीक्षाओं को नकलमुक्त और पारदर्शी बनाए रखने के निर्देश दिए और साथ ही विद्यार्थियों को भी ईमानदारी से परीक्षा देने के लिए प्रेरित किया गया।

# भानुप्रतापपुर में भाजपा का होली मिलन समारोह पदाधिकारी- कार्यकर्ताओं ने लिया उत्साह से भाग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

भारतीय जनता पार्टी मंडल भानुप्रतापपुर के तत्वावधान में होली मिलन समारोह हर्षोल्लास और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा परिवार के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता रंग और गुलाल में सराबोर होकर होली की मस्ती में झूमते नजर आए। सभी ने मिलकर फाग गीत, संगीत और पारंपरिक होली का आनंद लिया।

कार्यक्रम में जय मां मानकेशरी मानस परिवार एवं भानबेड़ा की टीम ने अपनी शानदार प्रस्तुति से माहौल को भक्तिमय और उत्सवमय बना दिया। इस अवसर पर क्षेत्र की जानी-मानी हस्तियां आशीर्वाद देने पहुंचीं, जिनमें पूर्व विधायक देवलाल दुग्गा, भागबली जैन, ठाकुर रत्नेश सिंह, छत्रप्रताप दुग्गा, जिला उपाध्यक्ष रामबाई गोटा, हेमप्रकाश शिवहरे, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष अरविंद जैन एवं संदीप बुलचा ठाकुर शामिल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे ने की, जबकि संचालन का दायित्व महामंत्री राजीव श्रीवास ने निभाया। भोजन व्यवस्था की जिम्मेदारी गिरधारी नरेटी ने संभाली। रंग-गुलाल की व्यवस्था युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष डिकेश साहू एवं प्रेम शर्मा ने की, वहीं माइक एवं मीडिया व्यवस्था हिमांशु ठाकुर द्वारा की गई। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं बल्कि आपसी भाईचारे, प्रेम और संगठनात्मक एकता को मजबूत करने का पर्व है। ऐसे आयोजनों से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार होता है।

### इनकी रही भागीदारी

कार्यक्रम में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रजिंदर रंधावा, सतीश श्रीवास्तव, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष हेमेंद्र ठाकुर, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष संगीता टांडिया, मंडल मंत्री सुमित्रा साहू, कौशल्या उईके, ज्वाला प्रसाद जैन,चैतुराम आंचला सहित पार्षदगण गुमान सिंह ठाकुर, राजकुमार यादव, शकुंतला ऊके, कांति यदु, पिलम रावटे, विनोद नाग, भूपेंद्र कुलदीप, प्रतिभा दर्रो, गैंदलाल, सीता चंद्राकर, उर्मिला जसूजा, प्रेमलता साहू, सुमन देवांगन, पूर्णिमा श्रीवास, प्रेमबाई देवांगन, सरिता देवांगन, कांति नाग, हेमबाई देवांगन, कुमारी खुदराम, शकुंतला यादव, सरिता जोशी, जीवराखन सलाम, जितेंद्र पांडे, जागेश्वर नरेटी, राजेंद्र जैन, शैलेश ठाकुर, खुम्मन, विवेक डडसेना, हर्ष डडसेना, कनक राजपूत, अंकुर दास, मोहित बिस्वास, सुभाष कोठारे सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पेज 9 के शेष

### मलाजकुडूम-आमाबेड़ा मार्ग...

अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। स्थानीय निवासियों ने कई बार संबंधित विभाग से इस समस्या की शिकायत की है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। इससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। क्षेत्र के लोग अब जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत की मांग कर रहे हैं ताकि उन्हें इस समस्या से राहत मिल सके।

**कांग्रेस नेता ने कलेक्टर को लिखा पत्र :** कांग्रेस आदिवासी प्रकोष्ठ के जिला सचिव रमेश गावड़े ने कलेक्टर को पत्र लिखकर सड़क की तत्काल मरम्मत की मांग की है। उन्होंने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि यदि जल्द ही इस मार्ग की मरम्मत नहीं कराई गई, तो क्षेत्रवासियों को और अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। साथ ही उन्होंने प्रशासन से अपील की है कि सड़क की गुणवत्ता सुधारने के लिए स्थायी समाधान निकाला जाए।

### खेत घेरे के विवाद में बुजुर्ग...

दांत में चोट आई है, जिससे उन्हें दर्द हो रहा है। मामले को गंभीरता से लेते हुए चौकी हल्बा पुलिस ने प्रारंभिक जांच के बाद बिना नंबर अपराध दर्ज कर थाना नरहरपुर में प्रस्तुत किया। थाना नरहरपुर में आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 115(2) एवं 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया है। दूसरे पक्ष से अरौद निवासी 30 वर्षीय रूपेश कुमार मरकाम ने चौकी हल्बा पहुंचकर लिखित आवेदन प्रस्तुत किया। आवेदन में उन्होंने बताया कि 11 मार्च 2026 की शाम लगभग साढ़े 5 बजे वे अपने रेगहा खेत में अपने दोस्त कन्हैया सार्वा के साथ मौजूद थे। इसी दौरान गांव के सत्तेसिंह मरकाम वहां पहुंचे और खेत के घेरा को लेकर विवाद करने लगे। आरोप है कि सत्तेसिंह मरकाम ने अश्लील गाली-गलौच करते हुए रूपेश कुमार के साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट की, जिससे उनके छाती और गर्दन में चोट आई। बीच-बचाव करने पहुंचे उनके चाचा रामाधीन मरकाम के साथ भी आरोपी ने दुर्व्यवहार और मारपीट की। नरहरपुर थाना में धारा 296 एवं 115 (2) बीएनएस के तहत आरोपी सत्तेसिंह मरकाम के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

### नपा कांकेर के 21 वार्डों...

कर ली जाएगी। नगरपालिका कांकेर के अंतर्गत कुल 21 वार्ड आते हैं, जहां प्रत्येक मकान को एक विशिष्ट नंबर दिया जा रहा है। इसके लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है, जो घर-घर जाकर नंबर अंकित कर रही हैं। नगरपालिका का अमला लगातार इस कार्य की निगरानी कर रहे हैं ताकि समयसीमा के भीतर कार्य पूर्ण हो सके। नगरपालिका के अमला के अनुसार मकानों की नंबरिंग से जनगणना कार्य में पारदर्शिता और सटीकता आएगी। साथ ही भविष्य में सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन, टैक्स वसूली और आपातकालीन सेवाओं को भी बेहतर ढंग से संचालित किया जा सकेगा। नगर पालिका कांकेर के सीएमओ पवन कुमार मेरिया ने कहा कि आगामी जनगणना 2027 को सुव्यवस्थित और त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से शहर के सभी मकानों की नंबरिंग का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नगरपालिका के 21 वार्डों में विशेष टीमों के माध्यम से घर-घर जाकर नंबर अंकित किए जा रहे हैं, ताकि प्रत्येक मकान की स्पष्ट पहचान सुनिश्चित हो सके।

## छत्तीसगढ़ मानव अधिकार फाउंडेशन का जागरुकता कार्यक्रम

# ग्रामीणों को दी रोजगार, कर व्यवस्था और मानव अधिकारों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ मानव अधिकार फाउंडेशन द्वारा ग्रामीणजनों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से अभियान प्रारंभ किया गया है। इसी क्रम में रविवार को कोण्डागांव जिले के गोंडवाना भवन में एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज जिला कोण्डागांव के जिला अध्यक्ष पनकू राम नेताम द्वारा जिले के विभिन्न ग्रामों से आए आदिवासी ग्रामीणजनों को आमंत्रित किया गया। इस दौरान उन्हें रोजगार, जीएसटी, आईटीआर, बीमा और मानव अधिकारों से संबंधित विषयों की विस्तृत जानकारी दी गई। जागरूकता कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ मानव अधिकार फाउंडेशन के



संस्थापक लवकुमार रामटेके, सदस्य गीता सोनी, जिला अध्यक्ष दुर्ग परमेश्वर एन शर्मा और दुर्गेश साहू ने उपस्थित ग्रामीणों को विभिन्न विषयों पर जानकारी देकर उन्हें जागरूक करने का प्रयास किया। संस्थापक लवकुमार रामटेके ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य विशेष रूप से आदिवासी समुदाय को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उन्हें सरकारी योजनाओं की जानकारी देना है, ताकि पात्रता अनुसार वे योजनाओं का लाभ लेकर आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें।

### युवाओं को रोजगार के लिए किया प्रेरित

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित आदिवासी युवाओं से उनके वर्तमान रोजगार के बारे में जानकारी ली गई। उन्हें रोजगार के नए अवसरों तथा वित्तीय अधिकारों की जानकारी देकर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया।

## खबर संक्षेप

### सीईओ जिला पंचायत ने दिलाई शपथ



**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा ने इन्द्रावती सभाकक्ष में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत समय-सीमा की बैठक में 22 मार्च को आयोजित राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा के सफल क्रियान्वयन हेतु चर्चा की गई है। राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण रायपुर छत्तीसगढ़ से प्राप्त लक्ष्यानुसार जिला बीजापुर को कुल 20639 शिक्षार्थी बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान आंकलन परीक्षा में 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के असाक्षर शामिल होंगे। यह परीक्षा प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक सम्पन्न होगा। आंकलन परीक्षा सफल आयोजन हेतु समय सीमा बैठक में सीईओ जिला पंचायत नम्रता चौबे द्वारा विभागीय अधिकारियों को उल्लास शपथ दिलाई गई।


### साइबर अपराध से बचाव के लिए किया जागरूक



**बस्तर।** बस्तर जिले में पुलिस और प्रशासन द्वारा साइबर अपराधों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहे हैं। मंगलवार को नगर पंचायत बस्तर के कन्या प्री /प्रो.मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास में बालिकाओं को साइबर फ्रॉड और उनसे बचने के तरीकों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। थाना प्रभारी सुरेश कुमार जांगड़े और नगर पंचायत बस्तर के सीएमओ तरुणपाल लहरे ने बालिकाओं को साइबर फ्रॉड, स्वच्छता को लेकर जानकारी प्रदान किया गया। थाना प्रभारी जांगड़े ने बालिकाओं को बताया कि ऑनलाइन ठगी, लॉटरी का झांसा, सोशल मीडिया पर फर्जी प्रोफाइल और अनजान कॉल से होने वाले फ्रॉड के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने बालिकाओं को अपनी निजी जानकारी, ओटीपी या बैंक विवरण किसी अनजान व्यक्ति को नहीं देने की सलाह दी। साथ ही सोशल मीडिया का उपयोग करते समय सतर्क रहने और अनजान लोगों की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करने के लिए जागरूक किया गया।

## निधन

### गौरीशंकर रथ



**जगदलपुर।** पथरागुड़ा निवासी गौरीशंकर रथ (77) का मंगलवार सुबह 6 बजे निधन हो गया। वे विशाल रथ के पिता व नरसिंग रथ के ज्येष्ठ भ्राता थे। उनका अंतिम संस्कार 10 बजे खड़कघाट स्थित मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में परिजन, उत्कल समाज के लोग और शहरवासी बड़ी संख्या में शामिल रहे। वे भरा पूरा परिवार छोड़ गए।

# रेअर अर्थ की तलाश करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

## एनएमडीसी और जीएमडीसी मिलकर तलाशेंगे संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारत की प्रमुख खनन कंपनियों एनएमडीसी और जीएमडीसी लिमिटेड ने सोमवार को रेअर अर्थ तत्वों की संभावनाओं का अन्वेषण में सहयोग करने एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

इस साझेदारी का उद्देश्य भारत के लिए एक समेकित एवं सतत महत्वपूर्ण खनिज आपूर्ति श्रृंखला का विकास करना है। यह साझेदारी देश में रेअर अर्थ तत्वों के अन्वेषण के साथ-साथ अनुसंधान एवं विकास क्षमताओं के विस्तार तथा इस उप-क्षेत्र में कार्बन-सचेत पहलों को बढ़ावा देने का मार्ग प्रशस्त करती है।



एनएमडीसी मुख्यालय हैदराबाद में अमिताभ मुखर्जी सीएमडी एनएमडीसी तथा रूपवंत सिंह प्रबंध निदेशक जीएमडीसी की उपस्थिति में दोनों पक्षों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ हस्ताक्षर किए। 16 मार्च से प्रभावी यह समझौता दो वर्ष की अवधि के लिए है तथा प्रस्तावित सहयोग का मूल्यांकन एवं सुदृढ़ीकरण करने एक संचालन समिति एवं कार्य समूह के गठन की अनुशंसा करता है। इस सहयोग से देशभर में रेअर अर्थ तत्वों तथा उससे संबंधित डाउनस्ट्रीम गतिविधियों के विकास को मजबूती मिलने की अपेक्षा है। इस अवसर पर एनएमडीसी के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक अमिताभ मुखर्जी ने कहा रेअर अर्थ तत्वों में भारत की रुचि अब एक रणनीतिक राष्ट्रीय प्राथमिकता बन चुकी है। ये खनिज ऊर्जा सुरक्षा, रक्षा क्षमता तथा वास्तविक आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य के केंद्र में हैं। खनन कंपनियों से इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया है। जीएमडीसी के साथ मिलकर एनएमडीसी देश के लिए शीघ्र ही एक सुदृढ़ महत्वपूर्ण खनिज आपूर्ति श्रृंखला स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

एनएमडीसी और जीएमडीसी अपने-अपने महत्वपूर्ण खनिज मिशन एवं रेअर अर्थ कॉरिडोर में प्रगति के साथ भविष्य में संयुक्त उपक्रम विशेष प्रयोजन वाहन तथा रणनीतिक व्यावसायिक सहयोग की संभावनाओं पर भी विचार कर रहे हैं।

## इंद्रावती नदी को बचाने किसान उतरे

# एनीकेट की मरम्मत का किसानों ने खुद उठाया जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

बस्तर क्षेत्र में इंद्रावती नदी पर बने एनीकेट की जर्जर स्थिति को देखते हुए किसानों और स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन की अनदेखी के बीच स्वयं ही मरम्मत कार्य शुरू कर दिया है।

इससे पहले भी क्षेत्र के किसानों ने आपसी सहयोग और चंदा एकत्र कर भोण्ड के एनीकेट की मरम्मत कराई थी। उस समय भी प्रशासन की ओर से कोई ठोस पहल नहीं होने के कारण किसानों को स्वयं

■ **एनीकेट खराब होने के कारण नदी का जलस्तर लगातार हो रहा कम**

आगे आकर बोरी बंधन और मरम्मत का कार्य करना पड़ा था। जनपद पंचायत बस्तर तोकापाल के ग्राम पंचायत नदीसागर और कोंडालूर क्षेत्र में स्थित एनीकेट लंबे समय से खराब हालत में था, जिसके कारण नदी का जलस्तर लगातार कम हो रहा था और किसानों को रबी फसल की सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा था। कई बार संबंधित विभाग और जिला प्रशासन को जानकारी देने के बावजूद मरम्मत का कार्य नहीं होने से नाराज किसानों ने चंदा एकत्र



कर एनीकेट की मरम्मत का निर्णय लिया। वरसिंह बघेल ने बताया जा रहा है कि एनीकेट की खराब स्थिति के कारण नदी का पानी तेजी से बहकर निकल जा रहा था, जिससे खेतों तक पानी पहुंचाने में कठिनाई हो रही थी। इस समस्या से आसपास के कई गांवों के किसान प्रभावित हो रहे थे। किसानों का कहना है कि यदि समय रहते एनीकेट की मरम्मत नहीं की जाती, तो रबी सीजन की फसलें गंभीर संकट में पड़ सकती हैं। इसी चिंता को देखते हुए किसानों और स्थानीय लोगों ने एकजुट होकर श्रमदान के माध्यम से मरम्मत कार्य शुरू किया। किसान फावड़ा, तगाड़ी और ट्रैक्टर लेकर एनीकेट स्थल पहुंचे और बोरी बंधन के माध्यम से जर्जर हिस्सों को ठीक करने का काम प्रारंभ किया। ग्रामीणों के सहयोग से एनीकेट के गेट और आसपास के क्षतिग्रस्त हिस्सों को दुरुस्त करने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि नदी में पानी का संचय हो सके और सिंचाई के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध हो सके। इस संबंध में इंद्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति अध्यक्ष लखेश्वर कश्यप ने बताया कि एनीकेट की जर्जर हालत के बारे में कई बार जिला प्रशासन और जल संसाधन विभाग को अवगत कराया गया था। समिति के सचिव सुभाष कश्यप ने संयुक्त रूप से कहा कि किसानों ने लिखित आवेदन और मौखिक रूप से भी अधिकारियों से मरम्मत कराने की मांग की थी, लेकिन लंबे समय तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने कहा कि प्रशासन की उदासीनता के कारण किसानों को मजबूर होकर स्वयं ही मरम्मत का कार्य करना पड़ रहा है। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि एनीकेट खराब होने के कारण नदी का जलस्तर लगातार कम हो रहा था और इससे सिंचाई व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो रही है।

क्षेत्र के किसानों की मुख्य निर्भरता इसी पानी पर है, इसलिए यदि पानी का संचय नहीं होगा तो खेती-किसानी पर गंभीर संकट खड़ा हो सकता है। फिलहाल किसान आपस में चंदा एकत्र कर अस्थायी रूप से मरम्मत का कार्य कर रहे हैं, ताकि रबी फसल की सिंचाई के लिए कुछ हद तक पानी बचाया जा सके। स्थानीय किसानों का कहना है कि यह समस्या नई नहीं है। पिछले वर्षों में भी एनीकेट की खराब स्थिति के कारण कई किसानों की फसलें प्रभावित हुई हैं। किसानों को उम्मीद थी कि इस वर्ष सरकार और संबंधित विभाग समय रहते मरम्मत का कार्य कराएंगे, लेकिन ऐसा नहीं होने से किसानों को खुद ही आगे आना पड़ा।

## विधायक ने विधानसभा में उठाया मुद्दा

# 2209 आंगनबाड़ी केंद्र भवनविहीन 962 केंद्र जर्जर भवन में संचालित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

छग के बस्तर संभाग में 2209 आंगनबाड़ी केंद्र भवनविहीन हैं वहीं 962 केंद्र जर्जर भवन में संचालित हो रहे हैं। इन भवनों में पेयजल और शौचालय जैसे बुनियादी सुविधाओं की भी कमी साफ तौर पर देखी जा रही है। छत्तीसगढ़ विधानसभा सत्र के दौरान सोमवार को बस्तर संभाग में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों में मूलभूत सुविधाओं की स्थिति का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। उप नेता प्रतिपक्ष एवं बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने



■ **पेयजल और शौचालय जैसे बुनियादी सुविधाओं की भी कमी**

महिला एवं बाल विकास विभाग से प्रश्न पूछते हुए बस्तर संभाग के जिलों में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों की वर्तमान स्थिति, भवन, पेयजल तथा शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता को लेकर सरकार से विस्तृत जानकारी मांगी। जवाब में महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने बताया कि बस्तर संभाग के जिलों में वर्तमान में कुल 9876 आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित हैं, जबकि मिनी आंगनबाड़ी केन्द्रों की संख्या निरंक है। सरकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इन 9876 केन्द्रों में से 7667 आंगनबाड़ी केन्द्र भवनयुक्त हैं, जबकि 2209 केन्द्र भवनविहीन हैं। इसके अतिरिक्त 962 आंगनबाड़ी भवन जर्जर स्थिति में संचालित हो रहे हैं, जिससे बच्चों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को कई प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

मूलभूत सुविधाओं की स्थिति भी पूरी तरह संतोषजनक नहीं है। विधानसभा में दी गई जानकारी के अनुसार 6431 आंगनबाड़ी केन्द्रों में पेयजल की व्यवस्था उपलब्ध है, जबकि 5632 केन्द्रों में शौचालय की सुविधा उपलब्ध है। शेष केन्द्रों में इन आवश्यक सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। सरकार की ओर से यह भी बताया गया कि वर्ष 2022-23, 2023-24, 2024-25 तथा 2025-26 के दौरान विभिन्न जिलों में आंगनबाड़ी भवन निर्माण, पेयजल एवं शौचालय निर्माण के लिए स्वीकृतियों की जानकारी अलग-अलग प्रपत्रों के माध्यम से उपलब्ध कराई गई है। वहीं बस्तर विधानसभा क्षेत्र के संदर्भ में मंत्री ने बताया कि भवनविहीन एवं जर्जर आंगनबाड़ी केन्द्रों की केन्द्रवार जानकारी भी उपलब्ध कराई गई है। मंत्री ने कहा कि नए भवनों के निर्माण की स्वीकृति वित्तीय संसाधनों और बजट की उपलब्धता के आधार पर दी जाती है, इसलिए इसके लिए कोई निश्चित समय-सीमा बताना संभव नहीं है। इस विषय को उठाते हुए विधायक ने कहा कि बस्तर क्षेत्र के कई आंगनबाड़ी केन्द्र अभी भी बिना भवन या जर्जर भवनों में संचालित हो रहे हैं, जिससे छोटे बच्चों को सुरक्षित और बेहतर वातावरण उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। उन्होंने सरकार से मांग की कि बस्तर संभाग के आंगनबाड़ी केन्द्रों में शीघ्र ही भवन, पेयजल और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि बच्चों के पोषण और शिक्षा के लिए बेहतर वातावरण सुनिश्चित किया जा सके।

# पत्रकारों का मौन धरना, कलेक्टर एसपी से न्यायिक जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

दंतेवाड़ा में पत्रकारों ने एक घंटे का मौन धरना देकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपते हुए पूरे प्रकरण की न्यायिक जांच कराने की मांग की है।

कुछ दिनों पहले गीदम थाना क्षेत्र में एक पत्रकार के परिजनों के साथ हुई घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया था। वीडियो में बास्तानार के इरपा गांव का एक ग्रामीण लापरवाहीपूर्वक अनियंत्रित ट्रैक्टर चलाते हुए दिखाई दे रहा है, जिससे दुर्घटना की आशंका पैदा हो गई थी।

इसके बाद घटना स्थल पर ट्रैक्टर चालक के साथ हुई मारपीट का दूसरा वीडियो भी वायरल हुआ। इन वीडियो के सामने आने के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया। घटना के विरोध में विशेष समुदाय के एक समूह ने जिला बंद, उग्र प्रदर्शन और



चक्का जाम जैसे कार्यक्रम आयोजित किए। इस बीच पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए पत्रकार और उसके परिजनों के खिलाफ मारपीट की गंभीर धाराओं के साथ एट्रोसिटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस ने पत्रकार रौनक शिवहरे को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

दक्षिण बस्तर पत्रकार संघ के आह्वान पर पत्रकारों ने शांतिपूर्ण तरीके से मौन धरना देकर मामले की निष्पक्ष जांच की मांग उठाई। दंतेवाड़ा जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन के बाद एसडीएम लोकांश एल्मा को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

धरना के बाद पत्रकारों के प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक गौरव राय से मुलाकात की। पत्रकारों ने मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कर सच्चाई सामने लाई जाए और कानून-व्यवस्था की स्थिति को नियंत्रित किया जाए। इस मौके पर किरंदुल, बचेली और दंतेवाड़ा के पत्रकार शामिल रहे।

## सहायक खंड शिक्षा अधिकारी ने परीक्षा का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

बस्तर ब्लॉक में केंद्रीकृत बोर्ड परीक्षा का अवलोकन सहायक खंड शिक्षा अधिकारी सुशील तिवारी ने किया। इस अवसर पर उन्होंने माध्यमिक शाला राजपुर एवं माध्यमिक शाला पटेलपारा राजपुर, माध्यमिक शाला मुंडागांव, माध्यमिक शाला बड़े आमाबाल, माध्यमिक शाला चमिया का निरीक्षण कर परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

परीक्षा केंद्रों में प्रश्न पत्र वितरण, विद्यार्थियों की बैठने की व्यवस्था, अनुशासन एवं संपूर्ण परीक्षा संचालन प्रक्रिया का सूक्ष्म अवलोकन किया गया। परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्ण वातावरण, सुव्यवस्थित व्यवस्था एवं शिक्षकों की जिम्मेदार कार्यशैली देखकर उन्होंने संतोष व्यक्त किया तथा विद्यालय परिवार की सराहना की। निरीक्षण के दौरान प्राथमिक शाला पटेलपारा राजपुर एवं प्राथमिक शाला मावलीगुड़ा राजपुर में विकसित पोषण वाटिका (किचन गार्डन) का भी अवलोकन किया गया। विद्यालय परिसर में शिक्षकों और विद्यार्थियों के सहयोग से तैयार की गई इस वाटिका में गोभी, सेम, कद्दू सहित विभिन्न हरी सब्जियों की खेती की जा रही है। इन ताजी और पौष्टिक सब्जियों का उपयोग विद्यालय में तैयार होने वाले मध्याह्न भोजन में किया जाता है, जिससे बच्चों को ताजा, पौष्टिक और संतुलित आहार उपलब्ध हो रहा है। इस दौरान प्राथमिक शाला पटेलपारा राजपुर के



प्रधान अध्यापक पंचम राम नेगी एवं संकुल समन्वयक द्वारा पोषण वाटिका में उगाई गई ताजी गोभी एवं सेम भेंट की गई, वहीं प्राथमिक शाला मावलीगुड़ा राजपुर से गिरिजा साहू एवं एंजेस कुमार साहू द्वारा पोषण वाटिका में उगाया गया कद्दू भेंट किया गया। विद्यालय परिसर में उगाई गई इन ताजी सब्जियों को देखकर सहायक खंड शिक्षा अधिकारी ने शिक्षकों और विद्यार्थियों के इस प्रयास की सराहना की और इसे विद्यालय स्तर पर पोषण एवं पर्यावरण शिक्षा का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।

उन्होंने बताया कि पोषण वाटिका बच्चों को ताजा और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के साथ-साथ उन्हें प्रकृति से जुड़ाव, पर्यावरण संरक्षण, जैविक खेती एवं श्रम के महत्व की भी सीख देती है। बच्चों की सहभागिता से पौधों की देखभाल और सब्जियों की खेती उन्हें व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करती है तथा उनमें प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता विकसित करती है।

### शिशु संरक्षण माह का शुभारम्भ, बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण पर जोर

**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन में जिले में जिला स्तरीय शिशु संरक्षण माह का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके द्वारा किया गया। इस दौरान बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न गतिविधियों की शुरुआत की गई। जिले में शिशु संरक्षण माह के तहत 6 माह से 59 माह आयु वर्ग के 29,599 बच्चों को आयरन सिरप तथा 9 माह से 59 माह आयु वर्ग के 27,955 बच्चों को विटामिन-ए सिरप पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों में कुपोषण की रोकथाम, रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि तथा उनके समग्र स्वास्थ्य को बेहतर बनाना है। कार्यक्रम के शुभारम्भ अवसर पर टीकाकरण अधिकारी डॉ. एस. मंडल ने बच्चों के बेहतर पोषण, समय पर टीकाकरण, नियमित स्वास्थ्य जांच तथा सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही जिले में संचालित विभिन्न शिशु स्वास्थ्य सेवाओं एवं शासकीय योजनाओं की जानकारी भी दी गई।

### बीआरसी ने परीक्षा केन्द्र का किया निरीक्षण

**जगदलपुर।** बस्तर जिले के तोकापाल ब्लॉक के माध्यमिक शाला पोटानार के 8 वीं के परीक्षा केन्द्र में तोकापाल के बीआरसी अजय शर्मा ने मंगलवार को पहुंचकर निरीक्षण किया।

## नगर पालिका अध्यक्ष ने शाला परिसर में शेड निर्माण का भूमिपूजन

# चिलचिलाती धूप से मिलेगी छात्रों को राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

स्थानीय पीएम श्री सरस्वती स्कूल के प्रांगण में लंबे समय से प्रतीक्षित शेड निर्माण कार्य का मंगलवार को नगर पालिका अध्यक्ष राजू जायसवाल द्वारा विधिवत भूमि पूजन के साथ शुभारंभ किया गया। इस निर्माण से स्कूल के छात्र-छात्राओं को असुविधाजनक धूप और मौसम की मार से बड़ी राहत मिलेगी।

काफी समय से स्कूल प्रशासन और अभिभावकों द्वारा यह मांग की जा रही थी कि खुले परिसर में बच्चों को धूप में खड़ा होना पड़ता है, जिससे प्रार्थना सभा और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन में भारी व्यवधान उत्पन्न होता था। सरकार ने इस जनहित की मांग को गंभीरता से लेते हुए पूर्व निर्मित सांस्कृतिक मंच के समक्ष नए शेड निर्माण की स्वीकृति प्रदान की, जिसका कार्य अब धरातल पर शुरू हो गया है। भूमिपूजन के इस अवसर पर क्षेत्र के प्रमुख जनप्रतिनिधि और



शिक्षाविद उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पीएम श्री प्राथमिक शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष दीपक सरकार तथा आदर्श माध्यमिक शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष सूरज जायसवाल ने किया तथा मुख्य रूप से पार्षद हरीश शर्मा, धनसिंह नाग, बीना साहू सहित जनप्रतिनिधि, स्कूल के शिक्षकगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें। अतिथियों ने फावड़ा चलाकर और मंत्रोच्चार के साथ निर्माण कार्य की नींव रखी। पालिका अध्यक्ष राजू जायसवाल ने कहा कि अब किसी भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बाधा नहीं आएगी, शिक्षा के क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार सरकार की प्राथमिकता है। इन शेड्स के बन जाने से न केवल छात्र धूप से बचेंगे, बल्कि सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद और अन्य शैक्षणिक गतिविधियां भी बिना किसी रुकावट के संपन्न हो सकेंगी।

इस शेड के निर्माण से स्कूल के करीब सैकड़ों छात्र सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे। विद्यालय परिवार ने इस सौगात के लिए शासन और प्रशासन का आभार व्यक्त किया है।

# खेल-प्रतियोगिताओं और बस्तरिया गीतों से गूंजा महिला महाधिवेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित मिनी स्टेडियम में महिला महाधिवेशन का आयोजन किया गया। मातृशक्ति के सम्मान में आयोजित इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय आजीविका मिशन से जुड़ी जिले भर की हजारों महिलाएं और माता-बहनें पूरे उत्साह और उमंग के साथ शामिल हुईं। पूरे दिन चले इस आयोजन में महिला सशक्तिकरण, आत्मविश्वास और सांस्कृतिक गौरव की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम का शुभारंभ जिपं अध्यक्ष जानकी कोरसा, नगरपालिका



अध्यक्ष गीता सोम पुजारी, जिला पंचायत सदस्य नीना रावतिया उद्दे, जनपद पंचायत सदस्य धनेश्वरी बाकड़े, पार्षद सत्यवती परतागिरी तथा जिला पंचायत सीईओ नम्रता चौबे सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर महिलाओं के लिए विभिन्न रोचक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें कुर्सी दौड़, सुई-धागा दौड़, चम्मच दौड़, रंगोली प्रतियोगिता, रस्साकसी और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रमुख रहे। इन प्रतियोगिताओं में जिले भर की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कुर्सी दौड़ में प्रमिला गायता ने प्रथम, समिता ताटी ने द्वितीय तथा राजेश्वरी तोयनार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सुई-धागा दौड़ में मालती तोयनार और अंजली वाचम ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि फरसेगढ़ की प्रेमा द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहीं। चम्मच दौड़ में सुनिता जुभार तोयनार प्रथम, सुमित्रा कुड़ियम द्वितीय और रंजिता टिंगे तृतीय स्थान पर रहीं।

### सीआरपीएफ के जवानों ने किया रक्तदान

**जगदलपुर।** केक कमांडिंग ऑफिसर डीआईजी श्वेता राजमनी की मार्गदर्शन में करनपुर स्थित सीआरपीएफ पोकरण बटालियन के जवानों ने सोमवार को जिला महारानी अस्पताल में आयोजित विशेष शिविर में उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में कुल 22 लोगों ने उत्साह के साथ पंजीयन कराया, जिनमें से गहन स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत 21 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### पंडरीपानी व मुसुरपुट्टा जनसमस्या निवारण शिविर स्थगित

**कांकेर।** कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा चारामा विकासखण्ड के ग्राम पंडरीपानी में 18 मार्च बुधवार एवं नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम मुसुरपुट्टा में 25 मार्च को जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया था। दोनों जगहों पर आयोजित होने वाले जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण को अपरिहार्य कारणों से कलेक्टर ने स्थगित कर दिया है।

### प्रगणक-सुपरवाइजर को दिया गया प्रशिक्षण



**दुर्गूकोंदल।** जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल के सभाकक्ष में प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में प्रगणक और सुपरवाइजर के दायित्वों पर विशेष जोर दिया गया। उन्हें मकान सूचीकरण, भवनों की पहचान, परिवार की परिभाषा, निवासियों की गणना, मकानों की नंबरिंग, गणना ब्लॉक का निर्धारण एवं सीमांकन, तथा नक्शा निर्माण की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही नदी, पहाड़, सड़क, रेलमार्ग, स्कूल, मंदिर, वन क्षेत्र एवं अन्य स्थलों को नक्शे में चिन्हित करने के तरीकों को समझाया गया।

### प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश



**कांकेर।** कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर जितेन्द्र कुर्रे द्वारा मंगलवार को समय-सीमा की बैठक ली गई। जिसमें पीएम पोर्टल, मुख्यमंत्री जनदर्शन पोर्टल, शासन स्तर से प्राप्त पत्रों एवं कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की समीक्षा की गई। सभी आवेदनों को तेजी से निराकृत करने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया। सभी प्रकरणों को समय-सीमा के भीतर निराकृत करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक में एसडीएम, विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी, जनपद सीईओ और नगरीय निकायों के अधिकारी मौजूद रहे।

### दमकसा में 20 मार्च को होगी बैठक एवं परिचर्चा

**दुर्गुकोंदल।** आदिवासी समाज के अधिकारों, परंपराओं और धार्मिक स्थलों के संरक्षण को लेकर 20 मार्च 2026 को ग्राम दमकसा में बैठक एवं परिचर्चा का आयोजन किया जा रहा है। दमकसा चलो के आव्हान के साथ आयोजित यह कार्यक्रम जंगोरायताल विद्याकेतुल परिसर में सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगा। मुख्य अतिथि राजमाता फुलवा देवी कांगे राष्ट्रीय अध्यक्ष, श्री मांझी अंतरराष्ट्रीय समाजवाद आदिवासी किसान सैनिक संस्था, कंगला मांझी सरकार रहेंगी।

### डीपीआई ने मंगाई शिक्षकों की जानकारी

**पखांजुर।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने प्रदेश के कार्यरत शिक्षकों के लिए विभागीय सीमित शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजित करने की मांग की है, जिसके तहत डीपीआई ने 13 मार्च को सभी जेडी व डीईओ को पत्र भेजकर 17 व 18 मार्च तक विभिन्न आयु समूह के शिक्षकों की जानकारी प्रपत्र 1 व 2 में मंगाया है। पूरी जानकारी प्राप्त होने के पश्चात विभाग परीक्षा सम्बन्धी कार्ययोजना तैयार कर घोषित कर सकता है।

## राष्ट्रीय रक्षा एवं रणनीति अध्ययन दल के अधिकारियों ने ली जानकारी

# जिले में माओवाद के उन्मूलन संबंधी अपनाई गई रणनीति और आजीविकामूलक सृजनात्मक कार्यों को टीम ने जाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

केंद्रीय रक्षा मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के अधीन राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय एनडीसी के 15 सदस्यीय अधिकारियों के दल ने जिले में संचालित रक्षा एवं अन्य गतिविधियों का अवलोकन किया। दल के सदस्यों ने जिले में माओवाद के उन्मूलन संबंधी अपनाई गई रणनीति और उनके आजीविकामूलक सृजनात्मक कार्यों की जानकारी ली। साथ ही जिला प्रशासन की अभिनव पहल मावा मोदोल निःशुल्क कोचिंग संस्थान व सेंट्रल लाईब्रेरी का अवलोकन कर विद्यार्थियों को सफलता के मूल मंत्र दिए।

- जंगल वॉरफेयर कॉलेज में रक्षा एवं प्रतिरक्षा के प्रशिक्षण का लाइव डेमो देखा

जंगल वॉरफेयर कॉलेज में रक्षा एवं प्रतिरक्षा के प्रशिक्षण का लाइव डेमो देखा तथा बस्तर क्षेत्र में सुरक्षा बलों के द्वारा उपयोग की जाने वाली डिफेंस एण्ड वार तकनीकी के संबंध में जानकारी ली। राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा एवं रणनीतिक अध्ययन के अंतर्गत सेना, सिविल सेवा और मित्र देश के 15 अधिकारियों का दल जिला मुख्यालय पहुंचा जहां पर उन्होंने रक्षात्मक प्रणाली एवं युवा उत्थान आधारित गतिविधियों का अवलोकन किया। रक्षा अधिकारियों का दल सर्वप्रथम सिंगारभाट स्थित पुलिस मेस पहुंचा जहां पर कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने जिले की भौगोलिक एवं प्राकृतिक संरचनाओं सहित निर्माण कार्यों और फ्लैगशिप योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी पीपीटी के माध्यम से दी। उन्होंने जिले के अंदरूनी इलाकों में सड़क, पुल-पुलिया, मोबाइल कनेक्टिविटी एवं अन्य अधोसंरचनाओं के स्वीकृत एवं निर्माणाधान कार्यों से अवगत कराया। इसके अलावा जिले में जनजातियों की लघु वनोपज संग्रहण एवं उससे होने वाली आय के संबंध में बताया गया। साथ ही राज्य शासन द्वारा संचालित नियद नेल्लानार योजना के तहत चयनित अंदरूनी क्षेत्र में स्थित ग्रामों में विकास कार्यों से अवगत कराया। कलेक्टर ने जिला प्रशासन की अभिनव पहल मावा मोदोल और पूना पर्रियान के तहत क्रमशः युवाओ को दिए जा रहे प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने हेतु कैरियर गाइडेंस तथा शारीरिक दक्षता के लिए दिए जा रहे ट्रेनिंग कार्यक्रम के बारे में भी जानकारी दी। इसके अलावा संवेदनशील क्षेत्रों में मोबाइल कनेक्टिविटी, आत्मसमर्पित माओवादियों के लिए संचालित किए जा रहे आजीविकामूलक प्रशिक्षण जैसे ड्राइविंग, काष्ठ कला निर्माण, सिलाई, सहायक इलेक्ट्रिशियन, घुड़सवारी आदि के संबंध में रक्षा अध्ययन दल को जानकारी दी।

एसपी निखिल अशोक राखेचा ने जिले में माओवाद उन्मूलन के लिए बनाई गई रणनीति एवं पूना मारगेम आत्मसमर्पित माओवादियों का मुख्यधारा में वापसी के संबंध में विस्तारपूर्वक बताया। इसके पश्चात अधिकारियों का दल सिंगारभाट स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र पहुंचकर वहां संचालित मिलेट प्रोसेसिंग यूनिट, कड़कनाथ फार्म हैचिंग कार्य का भी अवलोकन किया और साथ ही स्वसहायता समूह की महिलाओं से भेंट कर मिलेट उत्पाद कोदो, कुटकी, रागी से तैयार होने वाले विभिन्न व्यंजनों एवं उनके लाभ के बारे में जानकारी ली। मां लक्ष्मी स्व-सहायता समूह की महिला सदस्य ने बताया कि उनके समूह में हर्रा, महुआ से बनाने वाले व्यंजन तथा अचार, पापड़ बनाकर बिक्री करने के साथ आय के संबंध में जानकारी दी। दल के अधिकारियों ने समूह की महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए आर्थिक रूप से सशक्त व सक्षम होने के लिए कहा।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ हरेश मण्डावी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश सिन्हा, एसडीएम अरूण वर्मा सहित पुलिस और जंगल वारफेयर कॉलेज के प्रशिक्षु जवान अधिकारी आदि मौजूद रहे।



### सेंट्रल लाइब्रेरी का किया अवलोकन

रक्षा अधिकारियों के दल ने नगर के पुराने कचहरी परिसर में संचालित मावा मोदोल निःशुल्क कोचिंग संस्था और सेंट्रल लाइब्रेरी का अवलोकन किया। इस दौरान विद्यार्थियों से चर्चा कर उनकी जिज्ञासा शांत की। एक विद्यार्थी के सवाल का जवाब देते हुए दल के अधिकारी मोहम्मद शाहिद अहमद ने कहा कि सफलता तभी मिलती है, जब आपके सपने और इरादे मजबूत हो। उन्होंने कहा कि रक्षा विभाग देश सेवा और अनुशासन पर आधारित है।

### असफलता ही सफलता का पहला सोपान: कैप्टन चौधरी

इसी तरह कैप्टन अजय चौधरी ने बताया कि असफलता ही सफलता का पहला सोपान है, एक सफल व्यक्ति कभी भी अपने लक्ष्य से विमुख नहीं होता। दल के सदस्यों ने सेंट्रल लाइब्रेरी का अवलोकन कर जिला प्रशासन द्वारा की गई पहल की सराहना की। इसके उपरांत अधिकारियों का दल ग्राम सिंगारभाट स्थित जंगल वारफेयर कॉलेज पहुंचा, जहां पर संस्था के प्रमुख ब्रिगेडियर एसके लामा सेवानिवृत्त ने पीपीटी के माध्यम से कॉलेज की स्थापना के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए पुलिस एवं रक्षा के प्रशिक्षुओं को दिए जाने वाले 45 दिवसीय आधुनिक प्रशिक्षण एवं गुरिल्ला युद्ध तकनीक के पहलुओं के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। इसके अलावा दुर्गम पहाड़ियों, घने जंगलों और पहुंचविहीन क्षेत्रों में प्रतिरक्षा से संबंधित अभ्यासों प्रतिकूल परिस्थितियों में सुरक्षात्मक उपाय करने के संबंध में टीम के सदस्यों को अवगत कराया गया। इस दौरान जंगल वारफेयर कॉलेज में टीम के सदस्यों को फील्ड विजिट कराकर मौके पर वार एवं डिफेंस स्ट्रेटजी का लाइव डेमो भी कराया गया।

## तलाकुर्रा में ठेठवार यादव समाज के अधिवेशन में सामाजिक एकता और विकास की गूंज



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरर

तालाकुर्रा में ठेठवार यादव समाज का दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन उत्साह, एकजुटता और सामाजिक सरोकारों के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का समापन गरिमामय वातावरण में हुआ, जिसमें क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, समाज के पदाधिकारियों और बड़ी संख्या में समाजजन की उपस्थिति रही। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे आशाराम नेताम ने समाज द्वारा नवनिर्मित सामाजिक भवन का रिबन काटकर लोकार्पण किया।

- विधायक आशाराम ने सामाजिक भवन का किया लोकार्पण
- विधायक ने मंदिर परिसर विकास के लिए 10 लाख देने की घोषणा की

विधायक आशाराम नेताम ने भगवान श्रीकृष्ण के आदर्शों का उल्लेख करते हुए समाज को एकजुट रहने और आपसी सहयोग से हर समस्या का समाधान निकालने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि संगठित समाज ही सशक्त समाज होता है और यही एकता समाज को नई ऊंचाइयों तक ले जाती है। विशेष रूप से युवाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने समाज के नियमों का पालन करने, माता-पिता एवं बुजुर्गों का सम्मान करने तथा नशे से दूर रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने युवाओं से जिम्मेदार नागरिक बनकर समाज का गौरव बढ़ाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने सामाजिक भवन के समीप स्थित भगवान बजरंगबली मंदिर परिसर के विकास के लिए समाज की मांग को स्वीकार करते हुए टीना शेड निर्माण के लिए 10 लाख रुपये देने की घोषणा की, जिससे उपस्थित लोगों में हर्ष का माहौल रहा। इसके अलावा जनपद अध्यक्ष द्वारा बजरंगबली मंदिर एवं दंतेश्वरी मंदिर परिसर के पास दो निर्मला घाट निर्माण की घोषणा भी की गई, जो क्षेत्र के धार्मिक एवं सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।



**कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित :** आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष सतीश लाटिया, भाजपा जिला मंत्री अनूप राठौर, मंडल अध्यक्ष डाकेश साहू, सरपंच विनोद रावटे सहित समाज के माखन मंडावी, देवेंद्र यदु, छगन लाल यादव, किशोरी लाल यदु, सनत यदु, शिव प्रसाद यादव, बिहारी लाल यदु, भगत यदु, युवराज यदु, वरुण यदु, नरेंद्र यदु, देवप्रसाद यदु, रूपेंद्र यदु, विजय यदु, डमेश्वर यदु, गोपाल यदु, मोहित यदु, योगेश यदु, लकेश यदु, यजेंद्र यदु, भुवन यदु, महादेव यदु, मनोज यदु, यशपाल यदु, उमेश यदु, नितेश यदु, जीतू यदु, शारदा यदु, परमेश्वरी यदु, किरण यदु, मुक्ति यदु सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### दसवीं व बारहवीं के उत्कृष्ट छात्रों का सम्मान

अधिवेशन के समापन अवसर पर समाज के उन प्रतिभावान व्यक्तियों को सम्मानित किया गया जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य किया है। साथ ही कक्षा 10 वीं और 12वीं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिससे अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिली।

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी हिरासत में

**कांकेर।** नाबालिग बालिका से दुष्कर्म के गंभीर मामले में थाना सिकसोड पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी दामाद को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जिसे न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

आरोपी भानुप्रतापपुर थाना क्षेत्र के कच्चे चौकी अंतर्गत ग्राम नेड़गांव निवासी 27 वर्षीय शेरसिंग कोमरा पिता चमार सिंग कोमरा को दुष्कर्म के मामले में गिरफ्तार किया गया है। प्रार्थी द्वारा 15 मार्च को रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि आरोपी शेरसिंग कोमरा ने 12 फरवरी को नाबालिक पुत्री को जबरन अपने साथ ले जाकर आमाकोट जंगल के समीप एक लाड़ी में रातभर रखकर उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के पश्चात आरोपी द्वारा पीड़िता को जान से मारने की धमकी दी गई, जिससे भयवश पीड़िता ने घटना की जानकारी किसी को नहीं दी। रिपोर्ट के आधार पर थाना सिकसोड़ में अपराध क्रमांक 04/2026 धारा 64(1), 64(2)(एम), 65(1) भारतीय न्याय संहिता एवं 04, 06 पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष टीम गठित की गई। टीम द्वारा तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपी को पकड़कर पूछताछ की गई, जिसमें उसने अपराध स्वीकार किया। इसके पश्चात आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।



## हमर लक्ष्य से बेटियों को नया आसमान आवासीय विद्यालय बनेगा शिक्षा का केंद्र

**दुर्गुकोंदल।** जिले के आकांक्षी विकासखंड दुर्गुकोंदल में शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक बदलाव की तैयारी जोरों पर है। जिले की महत्वाकांक्षी योजना हमर लक्ष्य कार्यक्रम के तहत कलेक्टर निलेश महादेव क्षीरसागर ने इस क्षेत्र को शिक्षा हब के रूप में विकसित करने की घोषणा की है। इस पहल को जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी के कुशल निर्देशन में तेजी से अमल में लाया जा रहा है।

- क्षेत्र को शिक्षा हब के रूप में विकसित करने कलेक्टर ने की घोषणा

इस योजना का मुख्य केंद्र नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय 200 सीटर है, जिसका आधुनिक और सुसज्जित नया भवन पूरी तरह तैयार हो चुका है। यह विद्यालय विशेष रूप से बालिकाओं को गुणवत्तापूर्ण आवासीय शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्थापित किया गया है। इससे दूरस्थ एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों को सुरक्षित वातावरण में बेहतर शिक्षा का अवसर मिलेगा। जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद तथा जिला मिशन समन्वयक नवनीत पटेल के मार्गदर्शन में इस महत्वाकांक्षी परियोजना को गति दी जा रही है। 17 मार्च को खंड शिक्षा अधिकारी विप्लव कुमार सिंह, खंड स्त्रोत समन्वयक लतीफ सोम तथा छात्रावास अधीक्षिका शैलेन्द्री मरकाम ने नए भवन का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया गया और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। कक्षाओं की साफ-सफाई, डेस्क-बेंच की व्यवस्था, पलंग एवं गद्दों का उचित प्रबंधन, खिड़की-दरवाजों पर पर्दे लगाना तथा सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी ने मा. शाला मेड़ो में संचालित केंद्रीकृत वार्षिक परीक्षा का भी अवलोकन किया। यहां शत-प्रतिशत विद्यार्थियों की उपस्थिति दर्ज की गई और परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में संचालित होती पाई गई। साथ ही मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता एवं व्यवस्थाओं की भी जांच की गई।




### बेटियां आत्मविश्वास के साथ अपने सपनों को करेंगी साकार

खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि हमर लक्ष्य अभियान के तहत यह प्रयास जिले की शिक्षा व्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगा। दुर्गुकोंदल अब एक उभरते हुए शिक्षा केंद्र के रूप में स्थापित हो रहा है, जहां बेटियां आत्मविश्वास के साथ अपने सपनों को साकार कर सकेंगी। यह पहल निश्चित रूप से क्षेत्र के शैक्षणिक और सामाजिक विकास में मील का पत्थर साबित होगी।

## 12 नई दुकानों के निर्माण का किया गया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर

नगर के प्रमुख और व्यस्ततम क्षेत्र मुख्य चौक में व्यवसायिक गतिविधियों को नया आयाम देने की दिशा में नगर पंचायत भानुप्रतापपुर द्वारा महत्वपूर्ण पहल की गई है। नगर पंचायत की मौजूदा दुकानों के प्रथम तल पर प्रस्तावित 12 नई दुकानों के निर्माण के लिए मंगलवार को विधिवत भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ।

नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर ने कहा कि यह परियोजना नगर के सौंदर्यीकरण के साथ-साथ आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि नई दुकानों के निर्माण से स्थानीय व्यापारियों को बेहतर अवसर मिलेंगे और नगर पंचायत के राजस्व में भी वृद्धि होगी। साथ ही नगर को सुव्यवस्थित और विकसित स्वरूप देने के लिए परिषद लगातार प्रयास कर रही है और भविष्य में भी इस तरह की जनहितकारी योजनाएं लागू की जाती रहेंगी। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद गुमान सिंह, राजिंदर रंधावा, सुमित्रा साहू, कुलदीप, व्यापारी संघ अध्यक्ष राकेश रामानी, जुगल किशोर शर्मा, रानू लाल जसराज गोलछा, मार्तण्ड सिंह, पप्पू ठाकुर, ग्राम पटेल, वीरेंद्र सिंह ठाकुर, अभय पांडेय, प्रदेश नरोत्तम सिंह चौहान, हरीश शर्मा, रौशन शर्मा, त्रिलोक चंद चोपड़ा, बंटी सचदेव सहित मुख्य नगर पालिका अधिकारी आईएल पटेल, सब इंजीनियर हिमांशु कवाडे, नगर पंचायत सहायक राजस्व निरीक्षक नरेंद्र ठाकुर, भोजू राम जैन, दीपक आहूजा, महेश, मनोज सहित अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे। निर्माण कार्य की एजेंसी के ठेकेदार नरेंद्र शर्मा भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।



## 21 अप्रैल तक आंगनबाड़ी केंद्रों में चलेगा विशेष अभियान

# शिशु संरक्षण माह की शुरुआत, हर बच्चे तक पहुंचेगा टीकाकरण और पोषण का लाभ

**कांकेर।** जिले के नौनिहालों को कुपोषण और बीमारियों से सुरक्षित रखने के लिए शिशु संरक्षण माह का व्यापक अभियान मंगलवार से शुरू हो गया है। 17 मार्च से 21 अप्रैल तक चलने वाले इस विशेष कार्यक्रम के तहत जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में टीकाकरण, पोषण एवं स्वास्थ्य सेवाएं एक साथ उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे हर बच्चे तक समुचित देखभाल सुनिश्चित हो सके।

कार्यक्रम के तहत 6 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को सप्ताह में दो बार आयरन फॉलिक एसिड सिरप दिया जाएगा, वहीं 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को हर छह माह में एक बार विटामिन ए की खुराक पिलाई जाएगी। इसके अलावा प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को, साथ ही 30 मार्च और 2 अप्रैल को विशेष टीकाकरण दिवस आयोजित कर शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक सेवाएं दी जाएंगी। इस दौरान न केवल बच्चों का टीकाकरण और पोषण पर ध्यान दिया जाएगा, बल्कि गर्भवती महिलाओं की हिमोग्लोबिन जांच, उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं और कुपोषित बच्चों की पहचान कर उन्हें जिला अस्पताल के पोषण पुनर्वास केंद्र भेजने की व्यवस्था भी की गई है। शासन के निर्देशानुसार मीजल्स-रूबेला उन्मूलन और शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अपर कलेक्टर जितेंद्र कुर्रे की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा सहित अन्य विभागों को आपसी समन्वय के साथ अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए गए।



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.सी. ठाकुर ने मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य अस्पताल, अलबेलापारा में बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाकर कार्यक्रम का जिला स्तरीय शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिला टीकाकरण अधिकारी, शिशु रोग विशेषज्ञ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और अभिभावक उपस्थित रहे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 19 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2026 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411